# APPLY ONLINE

# गौशाला संवर्धन कार्यक्रम

## भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

## आवश्यकता

**विज्ञापन संख्या:- 02/BPNL/2024-25**

देश की सभी स्थापित गौशालाओं व गौवंश पालित डेयरियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने व गौ सेवा के उद्देश्य से निगम द्वारा गौशाला संवर्धन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है | **"गौशाला संवर्धन कार्यक्रम"** के अंतर्गत **भारतीय पशुपालन निगम के माध्यम से** राज्य की गौशालाओं को आत्म निर्भर बनाने व आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिये सहयोगी **"गौशाला दर्शन पोर्टल"** पर गौशालाओं को जोड़कर प्रत्येक गौशाला को आर्थिक मदद करवाने, गौ उत्पादन से निर्मित उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री करने, गोशालाओं को उच्च गुणवत्ता वाले फीड सप्लीमेंट बिक्री करने आदि कार्यों के क्रियान्वयन के लिये अपने क्षेत्र में रहकर कार्य करने के इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है |

| क्रम संख्या | सेवा का नाम | संख्या | आयु सीमा (वर्ष में) | आवेदन शुल्क☆ | मासिक लाभांश☆ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गौ संवर्धन विस्तारक | 225 | 25-45 | 944/- | 26,000/- |
| 2. | गौ संवर्धन सहायक | 675 | 21-40 | 826/- | 23,000/- |
| 3. | गौ सेवक | 1350 | 18-40 | 708/- | 18,000/- |

**नोट :- आयु सीमा की गणना आवेदन करने की दिनांक के अनुसार की गयी है |**

आवेदक विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग - अलग आवेदन प्रस्तुत करे रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |

☆ निगम निजी क्षेत्र में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है आवेदन शुल्क सभी वर्गो के लिये समान है किसी भी प्रकार की छूट नहीं है |

☆ आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय अर्थात वापसी देय नहीं है |

☆ उपर्युक्त मासिक लाभांश आपके कुल लक्ष्य के अनुसार आंकलित किया गया है | लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक लाभांश का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

☆ उपर्युक्त मासिक लाभांश के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

**नोट:-** निगम में 2 साल कार्यकाल पूरा होने के बाद विशेषाधिकार के रूप में यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता,आवास भत्ता आदि नियमानुसार दिया जाएगा|

## 1. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

**1. गौ संवर्धन विस्तारक :-**

भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक

**2. गौ संवर्धन सहायक :-**

भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण

**आपके लाभ :-**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक लाभांश 26,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक लाभांश में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |
- मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 3000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा |

## गौ संवर्धन सहायक :-

**लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**

- तहसील स्तर पर प्रत्येक माह न्यूनतम 4 गौशालाओं/ गौवंश पालित डेयरियों का **"गौशाला दर्शन पोर्टल"** पर सशुल्क पंजीयन करवाना |
- पंजीकृत की गयी गौशालाओं/ डेयरियों में से निगम द्वारा चयनित गौशाला/ डेयरी में दिए गये समय में गोबर गैस संयंत्र स्थापित करवाना |
- स्थापित गोबर गैस संयंत्र के लिये सशुल्क गोबर खरीद कर उपलब्ध करवाना |
- पंजीकृत की गयी गौशालाओं/ डेयरियों में निगम के फीड सप्लीमेंट कैल्शियम 5 ली. (मासिक न्यूनतम 400 कैन) का प्रचार प्रसार, विपणन व बिक्री सुनिश्चित करना |
- निगम द्वारा चयनित गौशालाओं में गाय के गोबर से उत्पाद बनवाना व उत्पादों की ऑनलाइन/ ऑफलाइन बिक्री गौशाला दर्शन पोर्टल के माध्यम करना |
- चयनित गौशालाओं के लिए गौशाला दर्शन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अनुदान की व्यवस्था करना |

**अधिकार**

- गौ संवर्धन सहायक के अधीन 2 गौ सेवक होंगे |
- गौ संवर्धन सहायक के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ गौ सेवक नियुक्त किये जा सकेंगे |

**कर्तव्य**

- क्षेत्र में गौ सेवक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य गौ संवर्धन सहायक द्वारा पूरा किया जाएगा |
- सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना |
- क्षेत्र में लक्ष्यानुरूप कार्य हो ये सुनिश्चित करना |
- समस्त प्रकार के खर्चो पर नियंत्रण करना |
- निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |
- अन्य आदेशित कार्य आवश्यक रूप से करना |

**आपके लाभ :-**

- लक्ष्यानुसार आपका मासिक लाभांश 23,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक लाभांश में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |

**10. <u>गौशाला संवर्धन कार्यक्रम</u> :-** निगम के गौशाला संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य की गौशालाओं / गौवंश पालित डेयरियों को निगम के सहयोगी गौशाला दर्शन पोर्टल पर पंजीयन कर जोड़ा जाएगा। गौशाला संवर्धन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जो गौशालाएं गौवंश पालित डेयरियां गौशाला दर्शन पोर्टल पर पंजीकृत होगी, उन सभी में निम्नलिखित कार्य किए जाएंगे |

- **गोबर गैस सयंत्र की स्थापना** इसके अंतर्गत गौशाला की गायों के गोबर से गोबर गैस का उत्पादन किया जाएगा तथा साथ ही आसपास के क्षेत्र के पशुपालकों से भी निगम द्वारा उचित दर पर गोबर खरीदा जाएगा गोबर गैस सयंत्र से बनने वाली गोबर गैस व बची हुई खाद को बिक्री कर गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी
- **गायों के गोबर से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करना** इस कार्यक्रम के अंतर्गत गौशालाओं में गायों के गोबर से विभिन्न उत्पाद जैसे दीपक, गमले, धूप अगरबत्ती, कलर पेंट तथा ईंट आदि जैसे उत्पादों को तैयार किया जाएगा। इन उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी |
- **गौशालाओं के लिए अनुदान की व्यवस्था** जो गौशालाएं आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है उनके लिए निगम द्वारा अनुदान की व्यवस्था भी की जाएगी |
- **निगम के उच्च गुणवत्ता वाले फीड सप्लीमेंट का प्रचार प्रसार** इसके अंतर्गत निगम द्वारा निर्मित निर्मित उच्च गुणवत्ता के फीड सप्लीमेंट कैल्शियम व पशु आहार को गौशाला व आसपास के क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर बिक्री की जाएगी। उच्च गुणवत्ता वाली फीड सप्लीमेंट व कैल्शियम से गायों के दूध उत्पादन में वृद्धि होगी।

**<u>“गाय के गोबर द्वारा निर्मित उत्पाद”</u>**






**APPLY ONLINE**